हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 18 जून, 2025

13 पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करता 'योग...



14 फसली सीजन में बिजली के अघोषित कट बंद हो...



## खबर संक्षेप

### नाबालिग को काबू कर हेरोइन की बरामद

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने हेरोइन तस्करी के आरोप में एक नाबालिग को काबू किया है। पकड़े गए किशोर को किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना शहर रतिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम एसआई सुबे सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की तलाश में गश्त पर थी। जब टीम भूना रोड स्थित बड़ी नहर पुल के पास पहुंची, एक किशोर पैदल आता दिखाई दिया। तलाशी लेने पर 6 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### नेशनल कराटे स्पर्धा के लिए आठ खिलाड़ी चयनित

**रतिया।** हरियाणा कराटे टीम सिलेक्शन कम्युनिटी सेंटर बहादुरगढ़ में हुआ, जिसमें लगभग 15 जिलों से 800 बच्चों ने भाग लिया। इसमें फतेहाबाद जिला से 20 बच्चों ने भाग लिया। इनमें से आठ खिलाडिय़ों का चयन नेशनल कराटे चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। फतेहाबाद जिला के कराटे के इतिहास में पहली बार इतने खिलाड़ियों का चयन एक साथ हुआ है।

### भिरड़ाना गोलीकांड में हथियार सप्लायर काबू

**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना में हुए गोलीकांड मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अतुल पुत्र वीर सिंह निवासी मेथाना, जिला मुरैना, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि भिरड़ाना गांव में घटित गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस ने केवल 35 मिनट में तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया था।

### सर्व समाज सभा की मासिक बैठक आयोजित

**रतिया।** सर्व समाज सभा, रतिया की मासिक बैठक प्रधान रणजीत सिंह भानीखेड़ा की अध्यक्षता में खटीक मौहल्ला में सचिव रणधीर सिंह मोलिया के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम अहमदाबाद व केदारनाथ में हुए विमान व हेलीकॉप्टर हादसे में सभी मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उनकी याद में मौन रखा गया। परिवारों को इस दुःख से उभारने के लिये भगवान से प्रार्थना की।

### जिला प्री सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट आज

**भूना।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन फतेहाबाद की ओर से अंडर-15 बॉयज जिला प्री सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 18 जून को होगा। मुकाबले राजकीय महाविद्यालय भूना के फुटबॉल मैदान में खेले जाएंगे। एसोसिएशन के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 18 जून को सुबह 6 बजे मैदान में पहुंचे। खिलाड़ियों को आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना जरूरी होगा। केवल एक ही विद्यालय की टीम भाग ले सकेगी। टीम का सुब्रतो कप में पंजीकृत विद्यालय से होना अनिवार्य है।

### लालच देकर युवती को लगाई 75 हजार की चपत

**डबवाली।** पुलिस ने एकता नगरी वार्ड नंबर 9 निवासी प्राची गुप्ता पुत्री विद्यासागर की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में प्राची ने बताया कि उसकी बहन आयुषी गुप्ता को टेलीग्राम एप पर टॉस्क पूरा करने पर मुनाफा दिए जाने का संदेश प्राप्त हुआ। उसने विश्वास करके काम शुरू कर दिया। शुरूआत में उसे प्रोफिट भी हुआ। इसके बाद उसे ज्यादा पैसे कमाने के लिए आईडी पर ज्यादा पैसे लगाने के लिए कहा।

## 20 जून के बाद होगी मानसून की एन्ट्री

# गांवों में बरसात तो शहर सूखा, 19 तक इसी प्रकार बना रहेगा मौसम

### पश्चिम विक्षोभ हुआ सक्रिय, तापमान में 4 डिग्री की गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

तीन दिन की इंतजार के बाद मंगलवार को पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हुआ तो फतेहाबाद के आसपास के गांवों में जमकर बारिश हुई जबकि शहर के लोगों को हलकी बूंदाबांदी से ही संतोष करना पड़ा। मंगलवार को दूसरे दिन भी बादल छाये रहे। मौसम बदलने से पारा 12 डिग्री तक गिर गया। आज का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री व अधिकतम तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश के बाद अब लू का प्रकोप न के बराबर है। पिछले 24 घंटे में तापमान में 4 डिग्री गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को सुबह भट्टू व जाखल में अच्छी बरसात हुई जबकि फतेहाबाद व टोहाना में हलकी बौछारे पड़ी। फतेहाबाद एक तरह से सूखा ही रहा जबकि आसपास के गांवों में बरसात होती रही। मौसम विभाग का कहना है अगले तीन दिनों में मानसून की उत्तर भारत में एन्ट्री हो जाएगी जबकि 19 जून तक मौसम यूं ही बना रहेगा। बारिश के बाद धान की रोपाई में तेजी आ गई है जबकि नरमे की फसल झुलसने से बच गई। इस बार नरमे का रकबा पहले से कम हो गया है। हालांकि धान की सीधी बिजाई पर भी किसानों का फोकस है लेकिन फिर भी धान की रोपाई बरसात के बाद जोर पकड़ रही है। धान की सीधी बिजाई पर 40 फीसदी कम पानी की खपत होती है। पीआर किस्म के धान की रोपाई पर सरकार ने 15 जून तक प्रतिबंध लगा रखा था इसलिए दो दिन पहले ही यह रोपाई शुरू हुई और अब किसानों को पानी की सख्त जरूरत है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा है कि प्रदेश में एक पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके कारण 19 जून तक हरियाणा का मौसम इसी प्रकार बना रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 2 से 3 दिनों में मानसून की उत्तर प्रदेश में एंट्री हो जाएगी। अभी मानसून मध्यप्रदेश, ओडिशा, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ की ओर आगे बढ़ रहा है। हरियाणा में 20 जून के बाद कभी भी इसके दस्तक देने की संभावना है। अमूमन हरियाणा में मानसून 29 जून के आसपास की दस्तक देता है। यदि पहले आया तो इसका आगमन करीब एक सप्ताह पूर्व हो जाएगा जोकि किसानों के लिए फायदेमंद है।



**बारिश का आकड़ा**

| | |
|---|---|
| टोहाना | 15 एमएम |
| भुना | 8 एमएम |
| रतिया | 3 एमएम |
| फतेहाबाद | 2 एमएम |
| कुल | 27 एमएम |

**फतेहाबाद।** शहर के आसपास के गांवों में हुई बारिश। *फोटो : हरिभूमि*

### टोहाना में हल्की बूंदाबांदी से लोगों को राहत

**टोहाना।** मंगलवार सुबह करीब सवा 7 बजे से हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई जो रूक रूककर करीबन 12 बजे तक जारी रही। इस बरसात के कारण कहीं जलभराव नहीं हुआ लेकिन आमजन को गर्मी से राहत मिली। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी पड रही थी जिसके चलते शहर में अनेक संस्थाओं द्वारा बरसात के लिए ठंडे मीठे, जलजीरे, नींबू पानी, लस्सी व दहीं की छबील लगाई गई सुबह के समय बरसात को देख शहरवासियों के चेहरे खिल उठे। गनीमत रही कि बरसात ज्यादा नहीं हुई नहीं तो शहर के अनेक निचली क्षेत्रों में जलमग्न की स्थिति बन जाती है जिसमें सबसे पहले सदर थाना, मुख्य बस स्टैंड, आईजी कॉलेज के पास, सब्जी मंडी सहित अनेक क्षेत्र शामिल है जहां के लोगों ने राहत की सांस ली।

# 20 किलो डोडा पोस्त बरामद, दो गिरफ्तार

- झलनियां में एवीटी स्टाफ की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने गांव झलनियां में एक मकान पर छापा मारकर दो युवकों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पूनम पुत्र विनोद और अंकित पुत्र सुभाष चन्द्र, निवासी झलनियां, के रूप में हुई है। यह कार्रवाई एवीटी स्टाफ फतेहाबाद की टीम ने एएसआई सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में की। सूचना के आधार पर पुलिस टीम जब पूनम के घर पहुंची, तो दोनों आरोपी घर के बरामदे में बैठे मिले। शक के आधार पर उन्हें काबू कर पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने अपना नाम बताया।



**फतेहाबाद।** गांव झलनियां में चूरापोस्त सहित पकड़े गए दोनों युवक।

### योगेश वर्मा बने सेना के लेफ्टिनेंट

**सिरसा।** जिला के गांव भंगू निवासी योगेश वर्मा ने अपने दृढ़ निश्चय से 14वें प्रयास में भारतीय सेना में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर अपना चयन करवाकर अभिभावकों के साथ-साथ गांव भंगू का भी नाम रोशन किया है। बेटे की सफलता पर परिवार के साथ-साथ गांव भंगू के ग्रामीण भी फूले नहीं समा रहे हैं। योगेश वर्मा ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी सेंटेनरी स्कूल में हुई। हिंदु कॉलेज ऑफ यूनिवर्सिटी दिल्ली से बीएससी केमिस्ट्री में ग्रेजुएट की। इसके बाद एमएससी ज्योग्राफी पोस्ट ग्रेजुएट जारी है। यही नहीं अपनी मेहनत से उन्होंने यूजीसी नेट की परीक्षा भी 98.1 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। योगेश वर्मा ने बताया कि उसका शुरू से ही सपना था कि वह आर्मी में जाए। वह पिछले 5 सालों से लगातार प्रयास कर रहा था।

# कालांवाली नगरपालिका के चुनाव में वार्ड 14 का एक नामांकन पत्र खारिज

- प्रधान पद के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

नगरपालिका कालांवाली के आम चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच मंगलवार को हुई जिसमें वार्ड नंबर 14 से एक प्रत्याशी के नामांकन को खामियां मिलने पर रद्द कर दिया गया। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान प्रधान पद के लिए 12 प्रत्याशियों की ओर से भरे गए आवेदन सही पाए गए हैं वहीं 16 वार्ड पार्षद के लिए 59 आवेदन सही पाए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच कर ली गई है। बुधवार को नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं और इसी दिन नाम वापिसी का समय समाप्त होने के बाद चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, इसी तरह वार्ड पार्षद के लिए 59 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए हैं, जिनमें से 37 पुरूष व 22 महिलाएं हैं।



**सिरसा।** नामांकन पत्रों की जांच करते रिटर्निंग अधिकारी राजेंद्र कुमार।

# सीवरेज लाइन की मांग को लेकर नारेबाजी

- नपा व पब्लिक हैल्थ पर आपसी तालमेल न होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रानियां

सुलतानपुरिया रोड के नजदीक वार्ड नंबर 8 के लोगों ने सीवर व्यवस्था न होने पर नगरपालिका व पब्लिक हेल्थ विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन किया। मौहलेवासी गुरजीत सिंह, ओमप्रकाश, पवन कुमार सहित अन्य ने नगरपालिका व पब्लिक हैल्थ पर आपसी तालमेल न होने का आरोप लागया और कहा कि वे उनके मौहले में अभी तक ना तो सीवरेज पाइप लाईन दबाई है और ना ही गली बना रहे हैं। जिससे मोहल्ले में गंदा पानी खड़ा रहता है और यहां गंदी बदबू फैली रहती है तथा बीमारियां फैलाने वाले मक्खी-मच्छर पैदा होते रहते हैं। मौहल्लावासियों ने बताया कि अपनी इस समस्या को लेकर वे कई बार नगरपालिका व पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों से मिले और मौहल्ले में सीवरेज लाइन तथा गली को पक्का बनाने की मांग की तो नगरपालिका अधिकारियों ने पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा सीवरेज पाइप लाइन दबाने की बात कहकर तथा पब्लिक हैल्थ विभाग नगरपालिका द्वारा गली में मिट्टी डलवाने का कार्य शुरू करने की बात कहकर काम को टाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों का आपसी तालमेल नहीं है जिसकी सजा मौहल्लावासी भुगत रहे हैं।



# ऑब्जर्वर के सामने भिड़े कांग्रेसी, पुलिस पहुंची

- हुड्डा गुट के हरपाल बुडानिया ने विधायक परमवीर पर लगाए भाजपा नेता सुभाष बराला से सांठगांठ करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

शहर के पैराडाइज पैलेस में कांग्रेस का संगठन सर्जन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय पर्यवेक्षक चला वामशी रेड्डी, पूर्व मंत्री अतर सिंह, राहुल मक्कड़ व सतवीर पहलवान मुख्य रूप से पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं में गुटबाजी देखने को मिली। कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ने मौजूदा विधायक परमवीर सिंह पर चुनाव में भाजपा नेता सुभाष बराला से सांठगांठ करने के गंभीर आरोप लगाए जिसके चलते कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने हरपाल सिंह से धक्का मुक्की भी की। हुड्डा गुट के नेता हरपाल सिंह बुडानिया ने विधायक परमवीर सिंह के सुरक्षाकर्मी सहित चार अन्य लोगों पर मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस जांच में जुट गई है।







**टोहाना।** कांग्रेसी कार्यकर्ता व जांच के लिए पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### ऐसे हुआ हंगामा

कांग्रेस का संगठन सर्जन कार्यक्रम करीबन साढे चार बजे शुरू हुआ जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक के आने के बाद हरपाल सिंह ने अपना संबोधन शुरू किया। हरपाल सिंह ने परमवीर सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के नेताओं सांठगांठ करके ये विधायक बने है जिसके बाद हॉल में मौजूद परमवीर सिंह के कार्यकर्ताओं ने इस बात का विरोध किया और हरपाल सिंह संबोधन बीच में बंद करके मंच पर बैठ गए।

### मेरे परिवार से किसी ने जिलाध्यक्ष का नामांकन नही किया : विधायक

विधायक परमवीर सिंह से मंच से बोलते हुए कहा कि उन पर सभी गलत आरोप लगाए गए है, उनके परिवार के किसी सदस्य ने जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन तक नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा ऐसे कार्यकर्ता को आगे किया जाना चाहिए जो पार्टी को एक साथ लेकर कार्य कर सके।





**सिरसा।** शिवपुरी के बाहर भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना देते भाजपा नेता सुशील सैनी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

# नगरपरिषद में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना

- पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता सुशील सैनी धरने पर बैठे, नारियल फोड़ भाजपा नेता पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नगरपरिषद अधिकारियों द्वारा मिलीभगत करके शिवपुरी के निर्माण के लिए 02 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि का भुगतान किए जाने व शहर के दानवीरों के चंदे को खुर्द बुर्द करने का आरोप लगाते हुए पूर्व नगर पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील सैनी ने मंगलवार से शिवपुरी में अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरना शुरू कर दिया। श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी प्रधान एवं कांग्रेसी नेता नवीन केडिया और खैरपुर शिवपुरी के प्रधान अमीर चावला भी उनके समर्थन में धरने पर बैठे। पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने सिरसा के कथित नारियल फोड़ नेता पर नगरपरिषद व शहरवासियों के सहयोग की राशि से शिवपुरी के हो रहे निर्माण कार्य करवाने में धांधली करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने नगरपरिषद के दो करोड़ 20 लाख रुपए की पेमेंट ठेकेदारों से वसूलने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह काम नारियल फोड़ नेता ने स्वयं करवाने का कहा था। धरने का समर्थन करने पहुंचे नवीन केडिया ने कहा कि शहर के जिन दानवीरों ने शिवपुरी का निर्माण कार्य करवाने के लिए चंदा दिया था, वे अपना हिसाब मांगें लेकिन वे नगर परिषद को टैक्स देते हैं इसलिए नगरपरिषद के पैसे का हिसाब मांगने का भी हक रखते हैं।

# शिक्षक का फोन हैक कर निकाले 1.76 लाख रुपये

- अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला के गांव भारूखेड़ा स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल के शिक्षक सुरजीत के साथ साइबर ठगों द्वारा मोबाइल फोन हैक कर खाते से एक लाख 76 हजार 800 रुपये की निकासी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सदर डबवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मास्टर सुरजीत कुमार निवासी संगरिया ने बताया कि उसके साथी शिक्षक जगदीश के फोन पर व्हाट्सअप नहीं चल रहा था। जिस पर 3 मई को उसने अपने फोन पर व्हाट्सअप कस्टमर केयर का नंबर तलाशकर संपर्क साधा। कॉलर ने बताया कि एक एप उनके मोबाइल पर भेजा है, जिसे इंस्टाल कर लें। इससे उनके साथी की समस्या का समाधान हो जाएगा। उसने विश्वास करके उक्त एप इंस्टाल कर लिया। फिर फोन आया कि एप इंस्टाल करने की एवज में 10 रुपये कटेंगे। एक बार चैक कर लें। जब उसने अपना बैलेंस चैक करने के लिए यूपीआई पिन डाला, तभी उसका फोन हैक हो गया। उवह दौडक़र बैंक शाखा में पहुंचा और चारों खाते बंद करवाए। तब तक उसके खाते एक लाख 76 हजार 800 रुपये की निकासी हो चुकी थी।

### 10 महीने पहले लापता विवाहिता का नहीं मिला सुराग, पुलिस की तलाश जारी

**भूना।** वार्ड नंबर 5 भूना से 23 वर्षीय विवाहिता काजल 10 महीने पहले संदिग्ध हालात में लापता हुई थी। अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। महिला पुलिस जांच अधिकारी सुनीता ने हरियाणा और पंजाब में काजल के कई रिश्तेदारों और परिचितों के घर छानबीन की, परंतु कहीं भी काजल का पता नहीं चला। काजल के पति प्रवीण कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी दो साल पहले सुरजीत सिंह और उसकी पत्नी रेखा ने गांव कलावाली, जिला सिरसा में करवाई थी। शादी के बाद यह दंपती उनके घर आता-जाता रहा। 8 अगस्त 2014 की रात करीब 2 बजे काजल घर से अचानक लापता हो गई। परिजन ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। जांच अधिकारी सुनीता ने बताया कि काजल की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए गए। साइबर सेल की मदद भी ली गई। परंतु अब तक कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस की ओर से लगातार प्रयास जारी हैं।

## रेडक्रॉस महासचिव ने किया सद्गुरू कृपा अपना आश्रम का दौरा

# दिव्यांगजन व वृद्धजनों को बांटे 32 लाख के उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

संत शिरोमणि श्री श्री 108 डॉ. स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में चल रहे सद्गुरू कृपा अपना घर, श्रीकृष्ण प्रणामी वृद्ध आश्रम एवं महिला आश्रम में मंगलवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव महेश जोशी पहुंचे। उन्होंने आश्रम का दौरा कर वहां रह रहे मंदबुद्धि लोगों, बुजुर्गों और महिलाओं से उनका हालचाल जाना। आश्रम के प्रमुख सेवादार विनोद तायल व गौसेवक अशोक भुक्कर ने आश्रम में पहुंचने पर उनका स्वागत किया और आश्रम में दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनके साथ जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल भी मौजूद रहे। महेश जोशी ने आश्रम का अवलोकन किया और आश्रम में हो रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्री कृष्ण प्रणामी महिला आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि लोगों व महिलाओं को प्रसाद भी वितरित किया। उसके बाद महेश जोशी आश्रम परिसर में ही चल रही श्री कृष्ण प्रणामी गौवंश अनुसंधान संस्थान में पहुंचे और गौमाता को हराचारा खिलाया। पूर्व महासचिव महेश जोशी ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रांगण में दिव्यांगजन के लिए आयोजित किए गए उपकरण वितरण कार्यक्रम में भी भाग लिया। उन्होंने एडीसी अनुराग ढालिया के साथ 171 दिव्यांगजन व वृद्धजनों को 32 लाख रुपये की राशि के 298 उपकरण बैटरी वाली रिक्शा, आदि का निःशुल्क वितरण किया गया।



**फतेहाबाद।** सदगुरू कृपा अपना घर आश्रम में सेवा करते महेश जोशी।

### दो सालों में फतेहाबाद में 1388 उपकरण किए थे वितरित

महासचिव ने बताया कि गत दो वर्षों में दिव्यांगजन व वृद्धजनों के लिए एलिम्को के सहायक उत्पादन केन्द्र के सहयोग से जिला में पैमाईश शिविर का आयोजन करके 829 दिव्यांगजन व वृद्धजन व्यक्तियों को 1388 उपकरण जैसे बैटरी वाली रिक्शा, तिपहिया रिक्शा, व्हील चैयर आदि 1.82 करोड रूपये की राशि के उपलब्ध करवाए गए हैं।



# सितारे जमीन पर बिना किसी कट के हुई पास

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर को आखिरकार सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी मिल गई है। खास बात ये है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को बिना किसी कट के थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दी है, जिससे आमिर के फैंस के बीच उत्साह दोगुना हो गया है। ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसे लेकर कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ा था। सीबीएफसी की ओर से फिल्म में दो बदलाव करने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी।



## लाइफ Style

# जेनेलिया

## रोज 10 घंटे काम करती हूं, मुश्किल है, असंभव नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म 'सितारे जमीन पर' फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'। काम के घंटों को लेकर जेनेलिया की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग को लेकर बहस छिड़ी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में दीपिका पादुकोण काम करने वाली थीं। मगर, उन्होंने आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी।


अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# शो कैंसिल होने पर भड़क उठे लोग

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा का टेक्सास में होनेवाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है, जिसके में लोगों में इसे लेकर काफी गुस्सा है। शकीरा के फैन्स उस समय भड़क गए जब सैन एंटोनियो के अलामोडोम में शुक्रवार रात को होने वाले उनके कॉन्सर्ट को कथित स्ट्रक्चरल इशूज़ के कारण अंतिम समय पर पोस्टपोन कर दिया गया। इस अनाउंसमेंट से पहले कॉन्सर्ट जाने वालों ने कई तस्वीरें और वीडियोज़ शेयर किए थे जिसमें चिलचिलाती गर्मी में स्टेडियम के बाहर फैन्स की लंबी लाइन नजर आ रही है। कई फैन्स ने कहा कि उन्हें अंदर जाने से पहले काफी देर तक बाहर रोक कर रखा गया।



# जिंदगी मुश्किल है, मुझे बहुत गुस्सा आता है!

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से पूरी दुनिया को थिरकाने वाले सिंगर जस्टिन बीबर इन दिनों पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में बने हुए हैं। जिस तरह से वो सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर रहे हैं और उनपर जो कैप्शन लिख रहे हैं, उससे यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। उनकी मेंटल हेल्थ से लेकर बीवी हैली बीबर संग अनबन को लेकर अफवाएं उड़ रही हैं। अब पहली बार जस्टिन ने इनपर रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा कि वो अपने बारे में सोचकर 'थक' गए हैं। उन्होंने गुस्सा आने की बात का भी जिक्र किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए।



# तलाक की अफवाहों पर लगाया ब्रेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहें एक बार फिर फैल रही हैं। वजह है सुनीता द्वारा अपने नाम से 'आहूजा' सरनेम हटाना और नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ना। इस छोटे से बदलाव ने सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल मचा दी है। तलाक की अटकलें एक बार फिर तूल पकड़ने लगीं, लेकिन. अब सुनीता ने खुद सामने आकर इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता आहूजा ने स्पष्ट किया कि उनके नाम में किया गया ये बदलाव किसी भी पारिवारिक समस्या या तलाक से संबंधित नहीं है। उन्होंने बताया कि ये फैसला उन्होंने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है। सुनीता ने कहा कि उन्होंने 'आहूजा' सरनेम हटाया और अपने नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ा ताकि उन्हें नाम और शोहरत मिल सके।



# आशा भोसले के साथ 25 साल बाद गाया गाना

**मुंबई।** गायक अदनान सामी ने हाल ही में दिग्गज गायिका आशा भोसले के साथ गाना गाया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ गाना गाने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ 'आओ ना' गाना गाया है। इस गाने में ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अदाकारी करेंगे। उन्होंने बताया है कि वह 'कभी तो नजर मिलाओ' के 25 साल के बाद उनके साथ एक गाने पर काम कर रहे हैं। एक बातचीत में अदनान सामी ने कहा 'आशा भोसले जी के साथ मेरा आखिरी बार गाना 25 साल पहले रिलीज हुआ था। यह गाना 'कभी तो नजर मिलाओ' था। उसके बाद हमने कई गाने किए। लेकिन, हमने कोई स्वतंत्र गाना नहीं किया। हमने कोई एकल गाना नहीं किया। इसलिए हमारी लंबे समय से इच्छा थी।' अदनान सामी ने कहा कि लोग भी चाहते

## टीवी मसाला



# खूब हिट रहीं ये ऑनस्क्रीन जोड़ी किरदार के नाम से पहचानते हैं लोग

**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे और ओटीटी का अलग जलवा है। मगर, छोटे पर्दे का दर्शक वर्ग भी कम बड़ा नहीं है। यहां की कुछ जोड़ियां खूब लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं' का नया सीजन शुरू हुआ है। इस बार शो में नई जोड़ी ऋषभ (हर्षद चोपड़ा) और भाग्यश्री (शिवांगी जोशी) से मिलवाया गया है। टीवी की दुनिया में ऐसी कई ऑनस्क्रीन जोड़ी रहीं, जिनके नाम दर्शकों को आज भी याद हैं। साल 2001 में शुरू हुए इस सीरिलय ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा। प्रेरणा और अनुराग बसु की जोड़ी ने तहलका मचा दिया। प्रेरणा की भूमिका अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने निभाई। वहीं, अनुराग बसु का रोल सीजेन खान ने निभाया। दोनों ने इस सीरियल से जो लोकप्रियता पाई, उसका मुकाबला नहीं। यह सीरियल 2008 में खत्म हुआ। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीरियल ने छोटे पर्दे पर तहलका मचा दिया था। तुलसी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया, जो अब राजनीति की दुनिया में सक्रिय हैं। वहीं, मिहिर की भूमिका अमर उपाध्याय ने निभाई। हालांकि, बाद में मिहिर के किरदार में अमर उपाध्याय को रिप्लेस किया गया और यह किरदार इंद्र कुमार और रोनित रॉय ने निभाए। तुलसी और मिहिर विरानी की जोड़ी ऑनस्क्रीन हिट रही। टीवी शो 'कहीं तो होगा' भी खूब हिट रहा। साल 2007 में आए इस सीरियल में कशिश और सुजल की लव स्टोरी दिखाई गई। कशिश का रोल आमना शरीफ ने निभाया। वहीं, सुजल की भूमिका में राजीव खंडेलवाल दिखे।

## पहले एपिसोड से ही हर्षद-शिवांगी ने जीता दिल

नई दिल्ली। एकता कपूर के शो बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन शुरू हो गया है। 16 जून को शो का पहला एपिसोड ऑनएयर हुआ है। शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल में नजर आए हैं। पहला एपिसोड देखते ही लोग एक बार फिर इन दोनों के फैन हो गए हैं। पहले एपिसोड को लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हर्षद चोपड़ा को ऐसे लुक में देखकर उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर खुश हो गई हैं। सोशल मीडिया पर इस एपिसोड की खूब तारीफ हो रही है। पहले एपिसोड से ही लोगों का कनेक्शन इस शो से बन गया है। हर्षद चोपड़ा को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। सबसे ज्यादा हर्द की एंट्री की तारीफ हो रही है। फैंस अभी से दूसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पहले एपिसोड को देखकर लग रहा है कि ये कहानी फेक शादी से शुरू होकर प्यार होने तक चलेगी. इस तरह की स्टोरी पहले कभी टीवी पर देखने को नहीं मिली है। फैंस को इंतजार है कि ऋषभ और भाग्यश्री क्या जादू दिखाते हैं। पहला एपिसोड देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इसकी तारीफ कर रहे हैं।



# वॉर 2 के टीजर में ऋतिक के कूल लुक का खुला राज


**मुंबई।** फिल्म वॉर 2 में यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया का सबसे लोकप्रिय जासूस कबीर फिर से लौट रहा है। कबीर को इस बार एक अलग लुक के साथ पेश करने की जिम्मेदारी मिली है, अनाइता श्रॉफ अदजानिया को। अनाइता ने इस फिल्म के लिए खूब सारी रिसर्च की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉस्ट्यूम पर अपना ध्यान दिया है और अपनी स्टाइलिंग से ये दिखाने की कोशिश की है कि बिना तड़क भड़क वाले कपड़ों के भी कोई सितारा कैसे सबका दुलारा बन सकता है!



ऋतिक रोशन के दीवाने पूरी दुनिया में हैं। अपनी चुंबकीय शख्सियत से वह युवाओं के साथ-साथ बच्चों व किशोरों को भी बीते 25 साल से अपना दीवाना बनाते आ रहे हैं। खुद को सुपरहीरो के रूप में पेश करने वाली फिल्म कृष की अगली कड़ी में वह निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। हालांकि, कम लोगों को ही पता होगा कि उन्होंने सिनेमा में अपनी शुरुआत अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर ही की थी। फिल्म वॉर 2 इसलिए भी खास है, क्योंकि इस फिल्म की रिलीज के बाद ऋतिक सीधे कृष 4 में दिखेंगे। फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को दर्शकों ने एक खास अंदाज के साथ देखा है और उस अंदाज को और निखारने की जिम्मेदारी जब इसकी सीक्वल में कॉस्ट्यूम डिजाइनर अनाइता श्रॉफ अदजानिया को मिली तो उन्होंने इसे चुनौती के तौर पर लिया। अनाइता कहती हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे ऋतिक के साथ धूम 2, बैंग बैंग जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई में होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर आर. माधवन और फातिमा सना शेख की आगामी फिल्म 'आप जैसा कोई' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जुलाई को रिलीज होगी। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट बताई है। फिल्म 11 जुलाई से स्ट्रीम होगी। मंगलवार को जारी हुए पोस्टर में फातिमा और माधवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों एक बैंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे को निहारते हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इस रॉमकॉम को 'आप जैसा कोई' का इंतजार था। माधवन और फातिमा को 'आप जैसा कोई' में प्यार तलाशते हुए देखें। बता दें कि यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'आप जैसा कोई' को करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। नेटफ्लिक्स के पोस्ट पर



नेटिजन्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'माधवन के साथ कंगना ज्यादा अच्छी लगतीं'। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली हम माधवन को फिर से मैडी वाले अवतार में देख पाएंगे'। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। 'केसर 2' में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भी अब ओटटी पर उपलब्ध है।

## अधूरी प्रेम कहानी : उसी ने बनाया कॅरियर और कर दिया बर्बाद भी

# शादीशुदा एक्टर ने एक गरीब लड़की को बना दिया सुपरहिट हीरोइन

हिंदी सिनेमा में कई लवस्टोरीज ऐसी हैं जिनके बारे में तो सब जानते हैं। मगर, कुछ प्रेम कहानियां ऐसी हैं जो दर्शकों तक कम ही पहुंच पाती है। एक कहानी है अरुणा ईरानी और महमूद की भी। शादीशुदा महमूद का और अरुणा एक-दूसरे के करीब आ चुके थे। खुद एक्ट्रेस ने भी अपने रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। मगर, फिर एक कारण के चलते दोनों के रास्ते अलग हो गए और ये प्रेम कहानी अधूरी रह गई। हाल में ही एक इंटरव्यू में अरुणा ईरानी ने खुलकर इस बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि महमूद ने ही उनका कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

78 साल की अरुणा ईरानी ने कहा, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था कि तू महमूद को घास डाल। वही एक ऐसे इंसान हैं जो तुझे काम दे सकते हैं। लेकिन, मैं थी कि ज्यादा कुछ नहीं कहती थी, सिर्फ हां या न महमूद को जवाब देती थी। फिर महमूद ने मुझे काम देना शुरू कर दिया। धीरे धीरे उनके दिल में मेरे प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर बन गया। मैंने उनके जरिए फेम, पैसा, नाम और बहुत कुछ देखा। फिर मैं सोचती थी कि मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी। फिर हम दोनों अच्छे दोस्त और दोस्त से भी ज्यादा करीब आ गए। लेकिन, ये उनके लिए ये इतना ही था।'



### गरीब परिवार से आती थीं

अरुणा ईरानी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने काम पाने के लिए एक्टर को खुश करने का हर संभव कोशिश की थी। इसके बदले उन्होंने भी एक्ट्रेस का करियर संवारा था। ईरानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने हद से बाहर जाकर उनकी खुशामत की। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही गरीब फैमिली से आती हूं। मैंने पहली बार पैसा शौहरत और सब कुछ देखा था।'

### शादीशुदा थे महमूद

अरुणा ईरानी ने वो किस्सा भी याद किया जब विनोद खन्ना ने महमूद से कहा था कि क्या सच में वह फिल्म में उनकी लीड हीरोइन होंगी? उन्होंने महमूद से ये भी कहा कि क्या वह शादीशुदा हैं। महमूद ने तब ईरानी की ओर देखा और मुस्कुरा दिया। लेकिन, कुछ कहा नहीं। अरुणा ने कहा कि महमूद ने मेरा कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

### ब्रेकअप की वजह

*इस इंटरव्यू में वेटरन जर्नलिस्ट भारती एस प्रधान ने एक्ट्रेस को बताते हुए कहा, 'महमूद भाई ने मुझसे कहा हमें ब्रेकअप करना पड़ा, क्योंकि मेरी पत्नी को ये अच्छा नहीं लगा। अरुणा तो शादी करना चाहती थीं, लेकिन मैं शादी न कर सका। उन्होंने मुझे ये कारण बताया था, लेकिन आप बताओ क्या कारण था।'*

### पत्नी ने करवाया अलग

*फिर अरुण ईरानी अपने हिस्से की बात बताती हैं, 'उनकी फैमिली उन्हें मेरे साथ काम करने से भी रोकती थी। उसके बाद मेरा कोई रिश्ता उनके साथ नहीं था। लेकिन, मेरी बहुत सारी जिम्मेदारियां थीं अपने परिवार को लेकर। मुझे इस ब्रेकअप के बाद किसी ने काम नहीं दिया। मैंने फिर गाने करने शुरू कर दिया। लेकिन, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं कि कैसे में लीड हीरोइन से डांस करने लगीं। मैं बस कमाना चाहती थी। '*

## खबर संक्षेप


सिरसा। मौके पर जांच करती फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम। फोटो : हरिभूमि

### सेंध लगाकर 15 तोले चांदी पर किया हाथ साफ

**रानियां।** शहर के सच्चा सौदा मौहले के नजदीक से मदन लाल निवासी गांव मंगालिया के घर से अज्ञात व्यक्ति ने ताले तोडक़र करीब 6 हजार रुपये की नगदी सहित 15 तोले चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। सूचना मिलने पर रानियां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने चोर का पता लगाने के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम की सहायता ली है। मकान मालिक मदन लाल ने बताया कि वह स्टेट बैंक खारियां में एसोसिएट के पद पर कार्यरत है। वह 15 जून को अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गया था और 16 जून की सुबह वापस आया।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक हेतु जा रहे अभियान के तहत रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अजय कुमार उर्फ काली पुत्र सतीश कुमार निवासी पुराना बाजार, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया के प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि 16 जून को गांव रायपुर निवासी गुरविन्द्र सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर पंजाब नेशनल बैंक, रतिया के पास स्थित एक गली में गया था।

### खेत में चोरी की नीयत से घुसे तीन काबू

**फतेहाबाद।** गांव काजलहेड़ी में एक खेत में ट्यूब्वैल की चोरी की नीयत से पहुंचे तीन युवकों को किसानों ने मौके पर पकड़ लिया जबकि चौथा युवक मौके से फरार हो गया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और युवकों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान गांव काजलहेड़ी निवासी रिसाल पुत्र दीनानाथ, सन्नी पुत्र धनपत व रामदयाल उर्फ अजय पुत्र सीताराम के रूप में हुई है।


सिरसा। प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित करते हुए निदेशक।

### प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए सर्टिफिकेट

**सिरसा।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित ब्यूटी पॉर्लर प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर में प्रतिभागिता करने वाली 35 प्रशिक्षणार्थियों को ब्यूटी पॉर्लर का प्रशिक्षण दिया गया। निदेशक सुरेश कुमार गर्ग ने अपने हाथों से प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखे गए रोजगारपरक क्रियाकलापों से प्रशिक्षणार्थी जो कुछ भी सीखते हैं, उससे वे बाहर जाकर अपना स्वयं का रोजगार चला सकते हैं।

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमबीए प्रथम समेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए फाइनेंस प्रथम समेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए मार्केटिंग प्रथम समेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस प्रथम समेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स प्रथम समेस्टर (मेन) बैच 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एमएम कॉलेज में सम्मेलन का आयोजन

# प्रकृति से जुड़ाव और पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करता है 'योग': बीके मोहिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा मनोहर मैमोरियल कॉलेज में सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर फतेहाबाद सर्किल इंचार्ज बीके मोहिनी, संतकुमार एडवोकेट ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। सम्मेलन में कॉलेज के प्रोफेसर विनोद कुमार, खेल विभाग से सुंदर कोच, योग सहायक संजय व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने भी भाग लिया और अपने विचार सांझा किए। सम्मेलन में कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा प्रो. प्रतिभा मखीजा, प्रो. तारिका नारंग, प्रो. राजदीप कौर सहित अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे और योग के महत्व को समझते हुए इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बीके मोहिनी ने 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए राजयोग' विषय पर अपने विचार रखे और कहा कि मनुष्य को संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान कराने वाला एकमात्र मार्ग है भगवान शिवपिता का सिखाया हुआ सहज राजयोग। एडवोकेट संत कुमार ने भगवत गीता में योग की अवधारणा को बताया वहीं प्रो. विनोद कुमार ने वर्तमान समय में तनाव प्रबंधन के उपायों पर चर्चा की। सुंदर कोच ने समाज में संगठन शक्ति बढ़ाने के लिए योग एवं खेल विषय पर अपने विचार रखे तो योग सहायक संजय ने एक्युप्रैशर पद्धति से चिकित्सा बारे बताया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए योग एवं आयुर्वेद पर बात रखते हुए कहा कि योग और आयुर्वेद, दोनों ही भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियां हैं, जो समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक-दूसरे के पूरक के रूप में काम करती हैं। योग मुख्य रूप से मन और शरीर को जोडने का काम करता है, जबकि आयुर्वेद शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आहार और जीवनशैली में बदलाव पर केंद्रित है। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने अतिथियों का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों के जीवन में योग के महत्व को बताते हुए इसे एक दिन की सीमित रखने की बजाय प्रतिदिन योगाभ्यास करने की सलाह दी।


फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगराधीश ने ली समीक्षा बैठक

- जिला, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर होंगे योग कार्यक्रम

**सिरसा।** नगराधीश यश मलिक ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 21 जून को योग के लिए अबतक जिला में 77 हजार 945 लोग अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। उपमंडल व खंड स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगराधीश ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों को योग दिवस कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी आवश्यक प्रबंधों समय रहते पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह स्टेडियम में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 जून को प्रातः 5.40 बजे हॉफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जोकि बाल भवन से प्रारंभ होगी और शहीद भगत सिंह स्टेडियम में इसका समापन होगा। योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर 20 जून को प्रातः 6 बजे से पायलट रिहर्सल में योग प्रोटोकॉल क्रियाओं की रिहर्सल की जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी योग मैराथन की सभी तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि योग दिवस कार्यक्रम के लिए सभी जरूरी प्रबंधों व व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपते हुए उन्हें जरुरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान, साफ-सफाई, पेयजल, अस्थाई शौचालय, एंबुलेंस बिजली आदि व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन्हें समयबद्ध पूरा करेंगे और योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन में कर्तव्यनिष्ठा व जिम्मेवारी के अपनी डयूटी का निर्वहन करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस व मेडिकल टीम की व्यवस्था करें। बैठक में डीएसपी विकास कृष्ण, जिला खाद्य एवं आपूति नियंत्रक मुकेश कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राज कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, डीआईओ सिकंदर, जिला खेल अधिकारी जगदीप सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


सिरसा। योगाभ्यास करते योग साधक। फोटो : हरिभूमि

## गांव रूपावास की व्यायामशाला में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं : डॉ. राजकुमार

जिला के गांव रूपावास की व्यायामशाला में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खेल नर्सरियों के छात्र-छात्राओं, व्यायामशालाओं में नियमित आने वाले योग साधकों और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग को केवल 21 जून तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। उन्होंने योग को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास का माध्यम बताते हुए नियमित अभ्यास की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरेंद्र नागर ने सभी को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग सत्र की शुरुआत प्रार्थना से करवाई, उसके बाद सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर, बैठकर, पीठ और पेट के बल लेटकर किए जाने वाले विभिन्न योगासन करवाए। अंत में उन्होंने सभी को प्राणायाम, ध्यान और शांति पाठ के साथ अभ्यास का समापन करवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाथूसरी चौपटा के चेयरमैन सूरजभान बुमरा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विद्या है और आज के समय में इसे आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नियमित योग करके एक स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। इस अवसर पर रायपुर के सरपंच मनोज बेनीवाल, पूर्व सरपंच कृष्ण बेनीवाल, कुलवंत, ओम, वेदपाल, विनोद, सतपाल सहित सभी खेल नर्सरी कोच उपस्थित रहे।

### योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज आश्रम स्थित मेडिटेशन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में बीके रमेश दीदी और अनीता दीदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सरिता द्वारा की गई। मुख्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को योग की महत्ता से अवगत कराया।

## मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगा ओबीसी समाज

- ओबीसी समाज की कंबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

एचएयू विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ जातिगत रणनीति को अंजाम दिए जाने के मामले में ओबीसी समाज की एक अहम मीटिंग कंबोज धर्मशाला में हुई, जिसमें ओबीसी समाज के विभिन्न वर्गों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और इस घटनाक्रम को तूल देने की कड़े शब्दों में निंदा की। ओबीसी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि कुलपति द्वारा विद्यार्थियों की सभी मांगों को मान लिया गया था, लेकिन बावजूद इसके कुछ राजनीतिक दल के लोगों द्वारा अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए मामले को तूल देने का काम किया जा रहा है, जोकि उचित नहीं है। मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर ओबीसी समाज की एक कमेटी बनाई गई है, जो उपायुक्त को सीएम व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेगी। कमेटी सभी विधायकों व सांसद को भी मामले संबंधी ज्ञापन सौंपेगी, ताकि इस मामले की सच्चाई का पता लगाया जा सके और कुलपति की छवि खराब करने वाले मौकापरस्त लोगों को जवाब दिया जा सके। इस मौके पर रामानंद निराणिया, मदनलाल नढ़ा, पूर्व विधायक रामचंद, शीशपाल कंबोज, देसराज कंबोज, लाभचंद कंबोज, कश्मीर चंद, सतनामचंद, राजेंद्र नढ़ा, रमेश कंबोज, प्रेम कंबोज, डॉ. केसी कंबोज, विनोद कंबोज, लालचंद, अमन, संजीव कुमार, मोहन लाल नढ़ा, खजानचंद नंबरदार, दीपक नढ़ा सहित अन्य ओबीसी समाज के प्रबुद्धजन मौजूद थे।


सिरसा। ओबीसी समाज की बैठक में भाग लेते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने बाल अधिकार संरक्षण को लेकर जिला स्तर पर कार्यों की समीक्षा की

# एरिया को करें चिन्हित, हर हाल में रोकना है बाल श्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में पोक्सो व बाल श्रम रोकने को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार व श्याम शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने जिला स्तर पर किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बैठक में कहा कि बालश्रम रोकने के लिए सभी विभागों को मिलकर सामजस्य के साथ काम करना होगा। बच्चे के अधिकारों की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेवारी है। बैठक में डीएसपी विकास कृष्ण, डीएसपी डबवाली रमेश कुमार, डीएसपी कपिल, महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डा. दर्शना सिंह, बाल संरक्षण समिति की चेयरपर्सन अनिता वर्मा, जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल, उप जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रत्येक थाना से पोक्सो एक्ट के लिए नियुक्त अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए केंद्र की ओर से जो पॉलिसी लागू की गई थी, उसकी एसओपी है और उसी अनुरूप कार्य करना है। एसओपी में सभी की जवाबदेही तय हो चुकी है, इसलिए सभी उसी अनुरूप काम करें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम की स्थिति में सहायक श्रम कमिशनर एफआईआर करवाएंगे। आयोग सदस्यों ने कहा कि रेड की जानकारी उपायुक्त को होनी चाहिए और रेड के मामले में तकनीकी पहलुओं पर चर्चा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से भी करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में संबंधित विभाग की मदद करें और एफआईआर में देरी न हो ताकि बालश्रम में पकड़े गए बच्चे की शिक्षा व आर्थिक पहलुओं पर कोई दिक्कत न आए।

### जरूरत न हो तो कमरे में पर्दे न लगाएं

पोक्सो एक्ट से जुड़े पुलिस अधिकारियों से रूबरू होते समय आयोग के सदस्यों ने कहा कि जरूरत न हो तो, स्कूलों व दूसरे स्थानों पर जहां बच्चे की आवाजाही है, उस कमरे में पर्दे नहीं होने चाहिए। जांच अधिकारियों से उन्होंने यह भी कहा कि यदि बच्चे को रात के समय कहीं रखना भी पड़ जाए तो, उसे वन स्टॉप सेंटर में भी रखा जा सकता है, लेकिन उसके लिए सभी औपचारिकताएं पूरी होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि गुमशुदगी के मामले में यदि बरामदगी के बाद पोक्सो एक्ट लगता है तो इसकी सूचना बाल संरक्षण समिति को दी जानी चाहिए ताकि आंकड़े मिसमैच न हो। उन्होंने पुलिस से थाना वाइज पिछले छह माह में पोक्सो एक्ट की शिकायतें, एफआईआर और जिनमें एफआईआर नहीं हुई उसका कारण तथा जिन मामलों में सजा हुई उसकी जानकारी आयोग को भेजने को कहा।

## हाईटेंशन लाइन रिहायशी गली में शिफ्ट, लोगों की जान पर खतरा

**भूना।** बिजली निगम के अधिकारियों ने प्रॉपर्टी डीलरों से सांठगांठ कर करोड़ों का फायदा पहुंचाने के लिए हाईटेंशन लाइन को खाली प्लॉटों से हटाकर रिहायशी गली में शिफ्ट कर दिया। यह लाइन पहले भूना से बुवान गांव को सप्लाई देने वाले खाली प्लॉटों से होकर गुजरती थी। अब यह वार्ड नंबर 1 की अफसर कॉलोनी की गली में घरों के ऊपर से गुजर रही है। इससे कॉलोनीवासियों में डर का माहौल है। लोगों ने कहा कि ठंड के दिनों में बच्चे छतों पर खेलते हैं। ऐसे में हादसे की आशंका बनी रहती है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि पहले यह लाइन प्रॉपर्टी डीलरों के खाली प्लॉटों से गुजर रही थी। वहां से हटाकर गली में शिफ्ट करने से उन प्लॉटों की कीमतें बढ़ गईं। लोगों का आरोप है कि बिजली निगम के अधिकारियों ने प्रॉपर्टी डीलरों से मिलकर नाममात्र पैसा सरकारी खजाने में जमा करवाया और अवैध तरीके से लाइन को आबादी क्षेत्र में शिफ्ट करवा दिया। इससे प्रॉपर्टी डीलरों को तो फायदा हुआ, लेकिन कॉलोनी के लोग खतरे में आ गए। शहरवासी अनील कुमार, राजेश कुमार, सुरेश कुमार, नरेश कुमार, बलजीत सिंह, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार आदि ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की है। उन्होंने मांग की है कि हाईटेंशन तारों को तुरंत हटाया जाए।


भूना। बिजली निगम द्वारा रिहायशी एरिया की गली में घरों के आगे से शिफ्ट की गई हाईटेंशन बिजली लाइन

## रोजगार मेले में 280 युवा शॉर्ट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार तथा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के संयुक्त प्रयासों से हरियाणा राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में मुख्यातिथि नगराधीश यश मलिक, विशिष्ट अतिथि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के संयुक्त निदेशक लाल बंद रेवाडिया ने संस्थान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद एवं प्रधानाचार्य राकेश शर्मा द्वारा अतिथियों व विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने बताया कि इस मेले में कुल 15 नामी कंपनियों ने भाग लिया। इनमें हीरो मोटो कॉर्प लिमिटेड धारूहेड़ा रेवाड़ी, शिवम ऑटोटेक गुरुग्राम, भगवती प्रोडक्ट्स लिमिटेड ग्रेटर नोएडा, पद्मिनी वीएनए मेकाट्रॉनिक्स गुरुग्राम, सीएनएच इंडस्ट्रियल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा, जिक्को डोर सिरसा, बाबा एग्रो टेक सिरसा, सतगुरु मैन्युफैक्चरिंग सिरसा आदि कंपनियां शामिल है।


सिरसा। रोजगार मेले में भाग लेने पहुंचे युवा। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी श्याम सिंह, अनुदेशक अनिल बेनीवाल, हरीश कुमार, अनुदेशिका मनदीप कौर, शिक्षुता अनुदेशक सुनील हुड्डा, हरफूल चंद सहित अन्य स्टाफ सदस्य एवं बाहरी संस्थानों से आए अधिकारी राम कुमार, अनिल कुमार, राजेन्द्र कुमार, मनजीत सिंह एवं मेनपाल उपस्थित रहे।

## सीडीएलयू का पंजाबी विभाग बना अनुसंधान क्षेत्र में अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- एम.ए. पंजाबी में 60 सीट्स और एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स में 30 सीट्स का प्रावधान रखा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध कार्य और सांस्कृतिक समर्पण के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विभागाध्यक्ष प्रो. रणजीत कौर ने बताया कि वर्तमान में विभाग दो वर्षीय एम.ए. (पंजाबी) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एवं एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन कर रहा है। एम.ए. पंजाबी में 60 सीट्स का प्रावधान रखा गया है जबकि सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत संचालित एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स में 30 सीट्स का प्रावधान रखा गया है। एम.ए. पंजाबी में दाखिला लेने के इच्छुक विधार्थी बीए होनर्स इन पंजाबी या 45 प्रतिशत के साथ स्नातक डिग्री पास आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 7 जुलाई निर्धारित की गई है। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार के मार्गदर्शन में विभाग आने वाले समय में विभाग संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन करेगा, जिससे छात्रों के शैक्षणिक कौशल में निरंतर वृद्धि हो सके। विभाग के सहायक प्रो. गुरसाहिब ने बताया की विभाग के अनेक छात्रों ने यूजीसी-नेट और जेआरएफ जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं। विभाग के पूर्व छात्र उत्तर भारत की विभिन्न विश्वविद्यालयों में उच्च अध्ययन कर रहे हैं तथा कुछ ने डॉक्टोरल शोध कार्य भी आरंभ किया है। विभाग द्वारा समय-समय पर समकालीन विषयों पर राष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रतिष्ठित शिक्षाविदों के अतिथि व्याख्यान भी आयोजित किए जाते रहे हैं। विभाग का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर पंजाबी भाषा के संवर्धन के लिए कॉलेज शिक्षकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना भी है। उन्होंने कहा विभाग का विजन नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करना एवं उभरते अंतर्विषयी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देना बताया और कहा की पंजाबी में संप्रेषण कौशल विकसित करना और छात्रों को बहुसांस्कृतिक संवाद के लिए तैयार करना विभाग की प्राथमिकता में शामिल है।

## साइबर अपराध को लेकर एसपी के नेतृत्व में समीक्षा बैठक आयोजित

# अपराधों के शीघ्र निपटान के लिए साइबर फॉरेंसिक लैब के साथ करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- साइबर हेल्पलाइन 1930 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में एनजीओ मेस, पुलिस लाइन फतेहाबाद में साइबर अपराधों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर एक उच्चस्तरीय तकनीकी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिले की साइबर यूनिट, साइबर थाना एवं डिजिटल इकाई से जुड़े अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई, जिसमें साइबर अपराधों की वर्तमान प्रवृत्तियों, डिजिटल धोखाधड़ी के परिष्कृत तरीकों तथा सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों के दुरुपयोग की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में डीएसपी फतेहाबाद ग्रामीण जगदीश कुमार, साइबर थाना प्रभारी सतीश कुमार तथा साइबर यूनिट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसपी ने ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, फिशिंग, स्पूफिंग, व्हाट्सएप हैकिंग एवं रिमोट एक्सेस टूल्स के माध्यम से हो रहे साइबर अपराधों की पहचान एवं उनका प्रभावी डिजिटल ट्रेसिंग और ट्रैकिंग बारे कहा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर डीपफेक तकनीक, फर्जी अकाउंट और डेटा चोरी जैसे अपराधों की रोकथाम हेतु एंटी-साइबर फ्रॉड सॉफ्टवेयर के उपयोग पर बल तथा पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने हेतु साइबर हेल्पलाइन 1930 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को साइबर सुरक्षा जागरूकता, पासवर्ड प्रबंधन, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण और डिजिटल गोपनीयता के महत्व से अवगत कराने हेतु विशेष जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने साइबर यूनिट को निर्देशित किया कि यूनिट में कार्यरत पुलिसकर्मियों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाने हेतु ई-गवर्नेंस पोर्टल्स, साइबर पुलिस पोर्टल, डिजिटल इंटेलिजेंस टूल्स एवं एनालिटिकल सॉफ्टवेयर पर आधारित नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह साइबर केस एनालिसिस किया जाए, ताकि तकनीकी दृष्टिकोण से मामलों के निष्पादन में निरंतर सुधार हो सके। गंभीर साइबर अपराधों को शीघ्र निपटाने के लिए साइबर फॉरेंसिक लैब से समन्वय बनाकर कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य की पुलिसिंग तकनीक-आधारित होगी, और अपराधियों से एक कदम आगे रहने के लिए पुलिस बल को भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, और डेटा एनालिटिक्स जैसे आधुनिक डिजिटल उपकरणों का समुचित उपयोग करना होगा।


फतेहाबाद। साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर बैठक लेते एसपी सिद्धांत जैन।

### युवाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**हिसार।** गुरुकुल कुम्भाखेड़ा में आर्य वीर दल हिसार द्वारा आर्य महासभा गुरुकुल विद्यापीठ कुम्भाखेड़ा के सहयोग से आयोजित आठ दिवसीय आर्यवीर प्रशिक्षण शिविर जारी है। शिविर में न केवल हिसार के अनेक गांवों अपितु अन्य अनेक जिलों के युवक पूरी रूचि और उत्साह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। शिविर के आयोजक आचार्य आत्मप्रकाश ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन युवाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।

### सार्वजनिक सूचना

मैं अमिता सिंगला धर्मपत्नी श्री नवीन सिंगला निवासी मकान नं. 60 गली नं. 3 वार्ड नं. 17 नहर कॉलोनी फतेहाबाद, तहसील व जिला फतेहाबाद बयान करती हूं कि मेरे नाम एक रजिस्टरी शुदा वसीका नं. 168 दिनांक 13-04-2010 जारी शुदा था। मेरा उपरोक्त वसीका गुम हो गया है, जिसको काफी तलाशने पर कहीं नही मिला और मैंने उसकी रिपोर्ट भी पुलिस थाने में दर्ज करवा दी है। यदि भविष्य में उपरोक्त वसीका मुझे मिल गया तो संबंधित विभाग को जमा करवा दूंगी उसका गलत प्रयोग नहीं करूंगी।

## खबर संक्षेप

### देवर ने भाभी पर किया कुल्हाड़ी से हमला, केस

**सिरसा।** पुलिस ने गांव भरोखां निवासी अनीता पत्नी सतपाल की शिकायत पर उसके देवर प्रेम कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अनीता ने बताया कि वह बिजली विभाग में एएलएम कार्यरत है। उसने बताया कि उसके पति का अपने भाई प्रेम कुमार के साथ जमीनी विवाद चल रहा है। इसी वजह से खेत में अलग से पाइप लाइन बिछा रहे है। उसने बताया कि रविवार को पाईप बिछाते समय प्रेम कुमार की पहले से बिछी पाइप में क्रेक हो गया, जिस पर उसके पति ने मजदूर को उसके भाई को पाइप क्रेक होने की सूचना देने के लिए कहा। सूचना मिलते ही उसका देवर तैश में आ गया। जब वह स्कूटी पर जा रही थी तो रास्ते में देवर ने कुल्हाड़ी से उसपर हमला कर दिया।

### पति के खिलाफ उत्पीड़न का केस दर्ज

**सिरसा।** महिला थाना सिरसा पुलिस ने सरस्वती कालोनी निवासी हरीश कटारिया की विवाहिता पुत्री दीक्षा कटारिया की शिकायत पर उसके पति हन्नी सरदाना पुत्र सुनील सरदाना निवासी डीसी कालोनी हिसार के खिलाफ दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज किया है।

### गोबिंद सिंह उर्फ बग्गा बने युवा कांग्रेस के जिला प्रधान

**ओढां।** हरियाणा युवा कांग्रेस के चुनावों में ओढ़ा के युवा कांग्रेस नेता गोबिंद सिंह उर्फ बग्गा ने युवा कांग्रेस जिला प्रधान का चुनाव जीत लिया है। सोमवार को संपन्न हुई ऑनलाइन वोटिंग प्रक्रिया में गोबिंद सिंह ने अपनी छाप छोड़ी और 695 वोटों से जीत हासिल करके विजय पताका फहराई। बग्गा नंबरदार के प्रधान चुने जाने का समाचार मिलते ही उनके समर्थको में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने प्रधान बनने पर गोबिंद सिंह को बधाई व शुभकामनाएं दी। अपनी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए बग्गा नंबरदार ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य कांग्रेस पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना होगा, जिससे पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### बिजली पोल में करंट से दो बकरियों की मौत


**टोहाना।** शहर के भाटिया नगर इलाके में बिजली के पोल में करंट आने के चलते एक चरवाहे की दो बकरियां मर गई। इसके चलते चरवाहे ने सरकार व प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है ताकि उसके नुकसान की भरपाई हो सके। चरवाहे बलवीर सिंह ने बताया कि वह रोजाना की तरह खाली प्लॉट से बकरियों को चराने के बाद लेकर आ रहा था। तभी बकरियां जब पोल के पास से निकली तो 15-16 बकरियों को करंट का झटका लगा, जिसके बाद लाठी से कुछ को बचा लिया गया जबकि दो पोल से चिपक कर मर गई। उसने बताया कि पिछले साल भी उसकी बकरियां इसी पोल से करंट लगने के कारण मर गई थी तो उसने कुदरत की मार समझ ली थी। बलबीर ने बताया कि दोनों बकरियों की कीमत करीबन 30 हजार रूपये है, जिससे उसको आर्थिक नुकसान हुआ है। उसने कहा कि बिजली निगम को ऐसे पोल की जांच को लेकर अभियान चलाना चाहिए।

## किसानों ने एक्सईएन कार्यालय पर दिया धरना

# अघोषित कट बंद हों, किसानों को तुरंत दिए जाएं ट्यूबवेल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बिजली सम्बंधी समस्याओं को लेकर किसानों ने पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर फतेहाबाद में बिजली विभाग के एक्सइन कार्यालय पर धरना दिया और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता किसान नेता लवी बाठ ने की वहीं काफी संख्या में किसानों ने इसमें भाग लेकर रोष जताया। धरने में विशेष तौर पर किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान भी पहुंचे। एक्सइन ने धरने पर जाकर किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया।



फतेहाबाद। एक्सइन कार्यालय पर धरने को संबोधित करते किसान नेता। फोटो :हरिभूमि

### धान रोपाई में परेशानी

किसान नेता मनदीप नथवान ने कहा कि एक तरफ धान की रोपाई का काम शुरू हुआ है वहीं दूसरी ओर लग रहे बिजली के अघोषित कटों के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने के कारण किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में किसानों के बहुत से काम अटके पड़े हैं लेकिन अधिकारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। नए कनैक्शन नहीं दिए जा रहे हैं वहीं जिन किसानों ने ट्यूब्वैल कनैक्शनों के लिए पैसे भरे हुए हैं, उनके भी काम नहीं हो रहे। अधिकारियों की शह पर ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं और काम को लगातार लटकाया जा रहा है। इसके अलावा अनेक गांवों में बिजली की तारें टूट रही हैं लेकिन निगम द्वारा इन तारों को नहीं बदला जा रहा। उन्होंने मांग की कि फसली सीजन को देखते हुए बिजली के अघोषित कटों को तुरंत बंद दिया जाए। किसानों को जल्द से जल्द ट्यूब्वैल कनैक्शन दिए जाएं और लापरवाह ठेकेदारों पर एक्शन हो। इसके अलावा टूटी व पुरानी हो चुकी तारों को बदला जाए अन्यथा पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होगी।

धरने पर पहुंचे एक्सइन ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। जिन किसानों के नए कनैक्शन रह गए हैं, ठेकेदार को जल्द से जल्द काम पूरा करने के लिए कहा जाएगा। जिला सचिव महेन्द्र मोची, किसान नेता रविन्द्र हिजरावां ने भी धरने को संबोधित किया। इस अवसर पर मलकीत उप्पल, सुरजीत उप्पल, अनिल गोरछी, भूपिंदर रंधावा, अमन बाठ, सुखदीप रंधावा, गग्गी बादलगढ़, गुरलाल नथवान, बंटी डूल्ट, जीत जठोल, गुरप्रीत सिंह, छबील दास ढाणी छतरियां, जस्सु करनौली सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# पपीहा पार्क में मनाया योग दिवस महिलाओं व बच्चों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्य सरकार के निर्देशानुसार आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों में निर्धारित तिथि अनुसार मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयुष विभाग के सहयोग से जिला के पपीहा पार्क में योग दिवस मनाया गया। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक से आंगनबाड़ी वर्कर, हेल्पर, गर्भवती महिलाएं, किशोरियों और बच्चों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि उपायुक्त के मार्गदर्शन में योगा सेशन के दौरान आयुष योग सहायक द्वारा पार्क में उपस्थित सभी महिलाओं और बच्चों को योगासन जैसे वज्रासन, ताडासन आदि सिखाए गए। योग सहायक द्वारा सभी महिलाओं और बच्चों को योग करने के लिए प्रेरित किया गया तथा समाज में योग को बढावा देने के लिए कहा गया। योग सहायक द्वारा पार्क में उपस्थित सभी महिलाओं और बच्चों के साथ मिलकर जन जागरण योग यात्रा की रैली भी निकलवाई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी ने महिलाओं को योग के महत्व को समझाया और बताया कि किस प्रकार हम योग के माध्यम से शरीर को निरोगी रख सकते है जिला में सभी ब्लॉक में आंगनबाड़ी केंद्रो पर मंगलवार को योग दिवस मना।



फतेहाबाद। पपीहा पार्क में योगाभ्यास करते लोग। फोटो :हरिभूमि

### अरोड़वंश महासभा की कार्यकारिणी घोषित

**फतेहाबाद।** अरोड़वंश महासभा की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। महासभा के सचिव एडवोकेट नरेश सचदेवा ने बताया कि आज महासभा पदाधिकारियों की मीटिंग प्रधान आजाद सचदेवा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रधान ने पदाधिकारियों के साथ सहमति के बाद कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। कार्यकारिणी में मोहरी राम ग्रोवर को प्रोजेक्ट चेयरमैन, एडवोकेट सुखवंत मोंगा को कानूनी सलाहकार, पवन फुटेला को ऑडिटर, सतपाल अरोड़ा करनौली वाले को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। हरमीत सिंह ग्रोवर, गुरशरण सिंह मोंगा, गुरबक्श मोंगा, धर्मपाल गिल्होत्रा, नरेश गिरधर, मनोज मोंगा, रिंकू व अन्य मौजूद रहे।

### आईटीआई भोडिया खेड़ा में दो दिवसीय रोजगार मेला शुरू, पहले दिन मारूति ने ली लिखित परीक्षा

**फतेहाबाद।** निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेशानुसार आईटीआई भोडिया खेड़ा में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 17 व 18 जून को किया जा रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोडिया खेड़ा के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि पहले दिन 17 जून को मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड गुरूग्राम के प्रतिनिधियों द्वारा रोजगार प्रदान करने हेतू आईटीआई वर्ष 2020 से 2024 तक के पासशुद्धा व इस वर्ष के अपीयरिंग छात्रों की लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न व्यवसायों के लगभग 410 छात्रों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा में उर्तीण छात्रों को 18 जून को साक्षात्कार लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त दूसरे दिन 18 जून को रोजगार कार्यालय व आईटीआई भोडिया खेड़ा के आपसी सहयोग से 10 अन्य कंपनियां इंटर सोलर सिस्टम प्राईवेट लिमिटेड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्वराज मोहाली, विश्वकर्मा इंजीयरिंग वर्कस टोहाना, अर्चित न्युवुड इन्डस्ट्रीज टोहाना, पुखराज हैल्थ केयर प्राईवेट लिमिटेड फतेहाबाद, एलआईसी फतेहाबाद, एटलस प्लास्टिक फतेहाबाद, श्री गणेश इंटरप्राईजिज फतेहाबाद, शिवम ऑटो फतेहाबाद व गुप्ता स्टील फतेहाबाद के प्रतिनिधी भी आईटीआई पासशुद्धा, अपीयरिंग, दसवीं, बारहवीं पासशुद्धा छात्रों को साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्रदान करने हेतू आ रहे है। जिसमें छात्रों को 11000-20067 रुपये प्रतिमाह वेतनमान तथा अन्य सुविधा जैसे कि कैंटिन, वर्दी इत्यादि कंपनी पॉलिसी अनुसार प्रदान की जाएगी। इस रोजगार मेले में 18 जून अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

# देश तेजी से कर रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ संकल्प से सिद्धि तक अभियान की कार्यशाला आयोजित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में संकल्प से सिद्धि तक अभियान के तहत भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव एवं प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य एवं पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, रविन्द्र बलियाला, राजपाल बेनीवाल, जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन सिवाच खीचड़ ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की व संचालन जिला महामंत्री जगजीत हुड्डा ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सुरेन्द्र आर्य ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल में भाजपा सरकार ने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को आधार बनाकर काम किया है। पीएम नरेन्द्र मोदी एक सच्चे राष्ट्रवादी नेता हैं। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहाकि आपदा में अवसर एवं आत्म निर्भर भारत की अलख जगाकर पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक सशक्त भारत का निर्माण किया है।




फतेहाबाद। कार्यशाला में पहुंचे भाजपा नेताओं का स्वागत करते जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

# शिव मंदिर में घुसे चोर, दान पात्र ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के व्यस्तम बाजारों में से एक शिव चौक में गत रात्रि दो युवकों ने शिव मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों में से एक युवक मंदिर में घुसा और दान पात्र उठा लाया। दान पात्र में करीब 10 हजार रुपए की नकदी थी।

दोनों युवक बिना नंबर की बाइक पर सवार होकर आए थे। घटना सोमवार रात 1 बजकर 18 मिनट की है। इसकी सीसीटीवी फुटेज भी आई है, जिसमें दोनों चोर मंदिर में घुसते और चोरी करके जाते हुए नजर आ रहे हैं। शिव मंदिर कमेटी के प्रधान भीमसेन व कैशियर पवन कुमार ने बताया कि दान पात्र में हर महीने 18 से 20 हजार रुपए आते हैं। इन 15-16 दिनों में करीब 10 हजार रुपए की राशि रही होगी। युवक गेट को टेढा करके अंदर आए हैं। उन्होंने ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के अनुसार 20 मिनट तक वे मंदिर परिसर में रहे हैं। अंदर सारी छानबीन करके निकल गए। उन्होंने तोडफ़ोड़ का भी प्रयास किया। इसके बाद एक युवक ने बाइक स्टार्ट किया और दूसरा अंदर से दान पात्र उठाकर लाया।

इसके बाद दोनों बाइक पर सवार होकर चले गए। विशेष बात यह है कि देर रात तक इस रोड से लोगों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद युवक बेखौफ होकर चोरी करके ले गए। मंदिर कमेटी सदस्यों को चोरी का पता मंगलवार सुबह लगा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर आकर घटनास्थल का मुआयना किया।



फतेहाबाद। सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों की फोटो। फोटो :हरिभूमि

### सांसद सैलजा आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की लेंगी बैठक

**फतेहाबाद।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 18 जून को दोपहर 2 बजे जिला परिषद के भवन में स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा करेगी। जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार ने बताया कि दिशा कमेटी की बैठक में सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, एमपी लैड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुअर्बन योजना, पीएमएफबीवाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, समेकित बाल विकास योजना, पीएमयूवाई, पीएमकेवीवाई, डिजीटल इंडिया, टेलीकॉम, रेलवे, राजमार्गों आदि से संसाधन आधारित योजनाओं तथा अन्य कार्यक्रमों व योजनाओं की समीक्षा करेंगी।

# नशे के खिलाफ खिलाड़ियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत थाना शहर टोहाना पुलिस द्वारा आजाद नगर स्थित बजरंग मॉडल स्कूल एवं स्पोर्ट्स एकेडमी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना शहर प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अध्यक्षता स्कूल निदेशक विनय वर्मा एवं प्रिंसिपल अंजू वर्मा ने की। इस दौरान स्वर्णकार संघ प्रधान राजेश वर्मा, कोच महेश डांगरा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने थाना प्रभारी का स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाडिय़ों द्वारा बॉक्सिंग प्रदर्शन से हुई, जिसका शुभारंभ थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा योग प्रदर्शन कर स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया गया। वहीं छात्र ईशांत धीमान द्वारा थाना प्रभारी का स्केच भेंट किया गया, जिसे उन्होंने अत्यंत सराहा। स्कूल निदेशक विनय वर्मा एवं प्रिंसिपल अंजू वर्मा ने पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा शुरू किए गए अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर कर नशे से दूर रखने में अत्यंत कारगर सिद्ध हो रही है। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नशा एक सामाजिक महामारी का रूप ले चुका है, जिसे समाज के सहयोग से ही समाप्त किया जा सकता है। हर खिलाड़ी यह संकल्प ले कि वह कम से कम एक व्यक्ति को नशा छोडऩे में मदद करेगा। इस तरह एक काफिला बनेगा और समाज धीरे-धीरे नशा मुक्त होगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों की ओर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि समाज को नशा करने वालों मुख्यधारा में वापस लाया जा रहा है।




टोहाना। स्पोर्ट्स एकेडमी में बॉक्सिंग मैच का शुभारंभ करते एसएचओ प्रहलाद सिंह।

### मारपीट व धमकी के मामले में रतिया पुलिस ने दो आरोपियों को किया काबू

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरदीप सिंह पुत्र आत्मा राम निवासी एमपी सोतर तथा अक्षय कुमार पुत्र सूबे सिंह निवासी सुखमनपुर के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया के प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि गांव सुखमनपुर निवासी राहुल कुमार पुत्र इन्द्र सिंह की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, 9 जून की सायं करीब 7 बजे राहुल कुमार जब दूध निकालकर अपने घर लौट रहा था, तो हेतराम डिपो होल्डर के पास अक्षय, सुभाष, युवराज तथा दीपु उर्फ वकील ने उसका रास्ता रोक लिया और उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान अक्षय के हाथ में लोहे की रॉड थी, जिससे उसने राहुल के बाएं पैर पर वार किया, जबकि अन्य आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से पीटा और उसके कपड़े उतारकर मारपीट की। इसी दौरान शिकायतकर्ता की माता कांता देवी भी मौके पर पहुंचीं, जिन्हें भी चोटें आईं। शोरगुल सुनकर जब लोग मौके पर इक_ा होने लगे, तो आरोपी लोहे की पाइप लेकर भाग निकले और जाते-जाते राहुल को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं और मामले की जांच प्रगति पर है।

### युवती से दुष्कर्म का आरोपी वीएलडीए गिरफ्तार

**सिरसा।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने पशुपालन विभाग में कार्यरत वीएलडीए को गिरफ्तार कर लिया है। सिरसा महिला थाना इंचार्ज ने मंगलवार को बताया कि आरोपी मुकेश कुमार जिला के गांव शेरपुरा का रहने वाला है। थाना इंचार्ज ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी 2019 से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना रहा था, लेकिन जब पीड़िता ने विवाह के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने उसे एक मंदिर में ले जाकर विवाह तो कर लिया, लेकिन बाद में उसे बीच रास्ते में छोडक़र फरार हो गया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर महिला थाना सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान महिला थाना की एक पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सिरसा पुलिस महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से सतर्क है, महिलाओं को सुरक्षित माहौल देना और उन्हें शीघ्र न्याय दिलाना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। महिला विरुद्ध अपराधों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

**विरोध** | फिलिस्तीनी जनता के समर्थन में एकजुटता के लिए बनाई गई मानव श्रृंखला

# भारत सरकार इजरायल को सैन्य सहयोग एवं सुरक्षा देना बंद करे : बहबलपुरिया

कार्यक्रम की अध्यक्षता देवीलाल एडवोकेट ने की। विरोध प्रदर्शन करने के लिए कई संगठन जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारत सरकार स्वतंत्र विदेश नीति की पालना करने की बजाय अमेरिका परस्त नीति अपना रही है जो हमारी साम्राज्यवाद विरोधी परम्परा के खिलाफ है। यह बात मजदूर नेता रामकुमार बहबलपुरिया ने फिलिस्तीन एकजुटता के समर्थन में राष्ट्रव्यापी आह्वान पर फतेहाबाद में जनसंगठनों द्वारा डीसी दफ्तर पर आयोजित मानव श्रृंखला बनाकर किए गए प्रदर्शन को सम्बोधित करते कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवीलाल एडवोकेट ने की। फिलिस्तीनी जनता के समर्थन में एकजुटता के लिए मानव श्रृंखला में किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, नागरिक अधिकार मंच, ज्ञान विज्ञान समिति, जनवादी नौजवान सभा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, सर्व कर्मचारी संघ, जनवादी लेखक संघ, आल इंडिया लायर्स यूनियन, सीटू के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मानव श्रृंखला एवं प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि इजरायली जनसंहारक युद्ध ने फिलिस्तीन में मानवता और इंसानियत की धज्जियां उड़ाते हुए हजारों फिलिस्तीनी लोगों, महिलाओं और बच्चों का बेहरमी से कत्ल कर दिया है। हजारों फिलिस्तीनी बच्चे भूख-प्यास से तड़प रहें हैं और भारत सरकार उस निरंकुश शासक इजरायल को सैन्य सहयोग एवं सुरक्षा प्रदान कर रही है। मानव श्रृंखला में शामिल प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते कहा कि हम गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायली सरकार द्वारा चलाए जा रहे नरसंहारक युद्ध की कड़ी निंदा करते हैं। अब तक गुजरे 20 महीनों के दौरान, इजराइल की लगातार बमबारी और सैन्य आक्रामकता ने 55 हजार से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। इन हमलों में आवश्यक बुनियादी ढांचे, अस्पतालों, स्कूलों और शरणार्थी आश्रयों को जानबूझकर लक्ष्य बनाया गया है। गाजा के लोगों को एक अभूतपूर्व मानवीय तबाही में धकेल दिया है। यह जनसंहार से कम नहीं है। भारत सरकार फिलिस्तीन के समर्थन के लिए तुरंत इजराइल के साथ सभी सैन्य और सुरक्षा सहयोग समाप्त करे। प्रदर्शन में रामकुमार बहबलपुरिया, विष्णु दत्त शर्मा, देवीलाल एडवोकेट, पार्षद मोहनलाल नारंग, राजीव सेतिया, मुंशी राम, जोगेंद्र सिंह भ्याना सहित अन्य मौजूद रहे।




फतेहाबाद। लघु सचिवालय पर फिलिस्तीनी जनता के समर्थन में मानव श्रृंखला बनाते जनसंगठनों के सदस्य।